तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार, 6 नवंबर 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11 बालसमुंद में कार्तिक पूर्णिमा पर लगा पुन्नी मेला...



12 समानता, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा...



## खबर संक्षेप

### नगर में जगराता कार्यक्रम कल

**बलौदाबाजार।** भव्य जगराता कार्यक्रम 7 नवम्बर को बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में



बलौदाबाजार। शहर के सिविल लाइन दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में 7 नवम्बर को दशहरा मैदान प्रांगण में प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर का भजन जगराता कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे तथा अध्यक्षता मंत्री टंकराम वर्मा, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि कलेक्टर दीपक सोनी तथा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता मौजूद रहेगी। साथ ही बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों का भी कार्यक्रम में आगमन होगा। लगभग 10 हजार लोगों के आने की संभावना इस कार्यक्रम में है। आयोजन समिति ने सभी लोगों से इस जगराता में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### जिला पुलिस फेसबुक लाइव साइबर जागरूकता कार्यक्रम कल

**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा साइबर सेल की टीम के साथ साइबर जागरूकता एवं साइबर ठगी में होल्ड राशि की वापसी तथा ठगी के शिकार हुए लोगों से अनुभव साझा करने का फेसबुक लाइव कार्यक्रम 7 नवम्बर को दोपहर 3.30 बजे से आयोजित किया गया है। इसमें बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस फेसबुक पेज पर लाइव प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में फेसबुक पेज से जुड़कर इस साइबर जागरूकता कार्यक्रम का लाभ उठायें।

### चुनाव प्रचार के लिए नूवापाड़ा पहुंचे विधायक इंद्र साव

**भाटापारा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उड़ीसा प्रांत के नूवापाड़ा में होने जा रहे उप चुनाव में चुनावी प्रचार प्रसार करने विधायक इंद्र साव को महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी है। जहां साव पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी प्रचार प्रसार में भाग लेने अपने कार्यकर्ताओं के साथ नूवापाड़ा पहुंच गए हैं। विदित हो कि उड़ीसा के नूवापाडा विधानसभा में उपचुनाव होना है। इस चुनाव को देखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से मिले निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश कांग्रेस नेताओं को उड़ीसा उप चुनाव में भाग लेने का निर्देश देते हुए महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी है। ज्ञात को नूवापाड़ा विधानसभा में जातिगत मतदाताओं की संख्या को ध्यान में रखते में विधायक साव को महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई है। विधायक साव साहू समाज में ही नहीं बल्कि पिछड़ा वर्ग में भी अच्छी पकड़ रखते हैं। विधायक साव ने उन्हें दी गई जवाबदारी के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश कांग्रेस नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### गढ़सिवनी में बाइक चोरी, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** बाइक को खड़ी कर खेत की ओर गए किसान की बाइक चोरी हो गई। मामला तुमगांव थाने क्षेत्र के ग्राम गढ़सिवनी का है। पुलिस को द्रोण साहू ने बताया कि 3 नवंबर की सुबह 10 बजे वह अपनी मोटर सायकल हीरो एचएफ डीलक्स क्र. सीजी 06 जीसी 5610 से परसाडीह रोड डुमरहा खार गया था।

### पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ तेंदूकोना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम घोघरा कच्ची मार्ग पुल के पास एक व्यक्ति लोगों को शराब पिलाने का सुविधा उपलब्ध करा रहा है।

# पहली बार जिले की दो विभूतियां राज्य अलंकरण से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पहली बार एक साथ दो लोगों को राज्य अलंकरण सम्मान मिलने से बलौदाबाजार- जिला गौरन्वित हुआ है। उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राज्योत्सव पर राजधानी रायपुर में बुधवार को आयोजित राज्य अलंकरण समारोह में कृषक वामन टिकरिहा को वर्ष 2025 का डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार एवं शशि गायकवाड़ को गुरु घासीदास सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह उपस्थित थे।

**कृषक वामन टिकरिहा डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न एवं शशि गायकवाड़ गुरु घासीदास सम्मान से उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के हाथों हुए सम्मानित**





जानकारी के अनुसार विकासखंड पलारी के ग्राम मुसुवाडीह निवासी कृषक वामन टिकरिहा को खेती में नवाचार और बहुआयामी दृष्टिकोण के लिए खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के तहत 2 लाख की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पलारी विकासखंड के ही ग्राम छड़यिा निवासी शशि गायकवाड़ को सामाजिक चेतना एवं अनुसूचित जाति उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु वर्ष 2025 का गुरु घासीदास सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के तहत 2 लाख की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी सहित जिले के जनप्रतिनिधियों ने इस उपलब्ध्धि के लिये बधाई दी।

## छग रजत जयंती : तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का समापन

# राज्योत्सव में झलका 25 वर्षों का विकास फोटो प्रदर्शनी में देखी गई सर्वाधिक भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ सांस्कृतिक संध्या में लोक गीत व संगीत की प्रस्तुति से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय राज्योत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। राज्योत्सव स्थल में जनसैलाब उमड़ पड़ा। बच्चे, युवा बुजुर्ग, महिलाओं ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही विभागीय प्रदर्शनी में भी जानकारी लेने रुचि दिखाई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीत, संगीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। इनमे चिन्हारी लोक मंजीरा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच सुश्री पायल साहू एवं साथियों की टीम, रंग सरगम कला मंच रायपुर से शरद अग्रवाल की टीम, सुर ओ चंदम आर्टिस्ट बैंड ग्रुप बलौदाबाजार लाइव म्युजिक कॉन्सर्ट लोक एवं सूफी संगीत एवं विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों की प्रस्तुति शामिल है। राज्योत्सव के दौरान विभागीय प्रदर्शनी, कठपुतली एवं फ़ूड जोन विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। राज्योत्सव स्थल में लागए गए विभागीय प्रदर्शनी को देखने के साथ ही लोग जानकारी लेने में भी दिलचस्पी लिये, कठपुतली के साथ सेल्फी लेने की होड़ लगी रही।

वहीं फ़ूड जोन में व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व विभाग, समाज कलयाण, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन, पशु पालन, स्कूल शिक्षा, सीएसपीडीसीएल, स्वास्थ्य, जनसम्पर्क सहित करीब 20 विभागों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाए गए थे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ गणवीर धम्मशील एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल ने स्वामित्व योजना अंतर्गत किसानों को स्वामित्व कार्ड, टीबी मुक्त एवं बाल विवाह मुक्त पंचायत को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।





### छत्तीसगढ़ अब युवा हो चुका

कलेक्टर सोनी ने कहा कि इस वर्ष हमारा छत्तीसगढ़ राज्य 25 वर्ष का हो चुका है और हम रजत जयंती वर्ष मना रहे हैं। इस अवसर पर जिले में 3 दिवसीय रज्योत्व का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। जिलावासियों के सहयोग से 3 दिवसीय आयोजन सफल रहा। स्थानीय एवं अन्य जिले के कलाकारों ने अपनी कला प्रतिभा से राज्योत्सव का गौरव बढ़ाया। आगामी समय में भी सब के सहयोग से ऐसे आयोजन के लिये जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा।

# महिला कमांडो के साथ अभद्रता ग्रामीणों ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

सुहेला अंचल के ग्राम सिनोधा की महिलाओं ने नशामुक्त ग्राम बनाने के संकल्प में अग्रसर हैं। वही असामाजिक तत्व ने महिलाओं से अभद्र व्यवहार किया, जिसमें शंकर बंजारे पिता पलटू बंजारे निवासी सिनोधा द्वारा ड्यूटी पर तैनात महिला कमांडो को कथित रूप से गाली गलौच करने का मामला सामने आया। घटना उस समय हुई जब महिला कमांडो अपने साथियों के साथ गस्त पर थी। महिला कमांडो की महिला व ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी शंकर बंजारे ने महिला कमांडो के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे वहां मौजूद लोग तथा महिला कमांडो के महिला आक्रोशित हो गए। घटना के संबंध में महिला कमांडो अध्यक्ष भारती बघेल, उपाध्यक्ष सहोदरा बाई पात्रे, सचिव श्यामकली बंजारे सदस्य अंजली भारती, रामकली भारती की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। ग्रामीण प्रतिनिधियों ने बताया कि पंचायत बैठक बुलाकर आरोपी को समझाना चाहा, लेकिन वह हरकत से बाज नहीं आया तथा सभा की निंदा की, इसलिए समुदाय की सुरक्षा व सम्मान बनाए रखने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कराया गया है और कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस घटना से महिला कर्मियों में रोष व्याप्त है। स्थानीय व प्रतिनिधि सरपंच रूपवती सुरेंद्र चतुर्वेदी, उपसरपंच धनेंद्र वर्मा, पंच रमेश बघेल, संतोष बंजारे, दानीराम, सुखचरण बंजारे का कहना है कि ऐसे मामले से महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान पर प्रश्न उठते है और आवश्यकता है कि ग्रामीणों समाज में संवेदनशीलता बढ़ाई जाए तथा सुरक्षा कर्मियों के साथ अभद्रता तथा सुरक्षा कर्मियों के साथ अभद्रता करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। थाना प्रभारी कैलाश चन्द दास ने कहा कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ढाबे में हो रही थी शराब की बिक्री, पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

■ फरार दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार





समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर एवं महिला कमांडो दल के सहयोग से अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले फरार 2 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा ग्राम मोपका स्थित अपने ढाबा में अवैध रूप से शराब का विक्रय किया जा रहा था।

आरोपियों से 9300 कीमत मूल्य का 93 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई। 27 अक्टूबर को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस सहायता केंद्र निपनिया की पुलिस टीम द्वारा ग्राम मोपका स्थित आरोपियों के ढाबा में घेराबंदी कर दबिश दी गई। इस दौरान ढाबा में अवैध रूप से 9300 कीमत मूल्य का 93 पाव देशी मसाला शराब जब्त की गई तथा प्रकरण से संबंधित आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस दौरान ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री ▶▶ शेष पेज 10 पर

# पुन्नी पर्व का बच्चों ने उठाया लुत्फ




**खरोरा।** ग्राम भरुवाडीह कला में पुन्नी का पर्व मनाया गया। जहां गांव के लोग अपने-अपने अंदाज में इस त्यौहार का आनंद ले रहे थे, वहीं बच्चों ने इस दिन को विशेष और यादगार बनाने के लिए प्रकृति की गोद में पिकनिक मनाया। हरे-भरे वातावरण में बच्चों ने खेलकूद, गीत-संगीत और हंसी-खुशी के बीच त्यौहार की खुशियों का आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चों ने स्वयं अपने हाथों से विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवान बनाकर उत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। इस मौके पर प्रमोद निषाद, शाहिद ध्रुव, राजीव निषाद, नितिन ध्रुव, कन्या निषाद, साक्षी निषाद, पूनम साहू, सीमा साहू, ज्योति निषाद एवं डागेश्वरी साहू ने मिलकर त्यौहार की खुशियों को और भी रंगीन बना दिया। शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि पुन्नी केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, प्रकृति और आपसी एकता का प्रतीक है। जब बच्चे खुले वातावरण में प्रकृति के सानिध्य में समय बिताते हैं, तो उनमें समाज और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का उत्तम माध्यम हैं।

# कार्तिक पूर्णिमा पर शिव मंदिर में पूजा के लिए लगा श्रद्धालुओं का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

■ अलसुबह लोगों ने तालाबों में किया स्नान और शिवजी की पूजा की



कार्तिक पूर्णिमा पर अंचल में बुधवार की अलसुबह श्रद्धालुओं ने तालाबों के घाटों पर स्नान कर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की। श्रद्धालुजन जयकारों के साथ भक्तिभाव में सराबोर होकर दीपदान करते नजर आए। पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कार्तिक मास के दौरान प्रतिदिन अलसुबह स्नान करने वाले श्रद्धालु इस दिन विशेष रूप से शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर ग्राम मोतीपुर सहित आसपास के गांवों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के मंदिरों में पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा। कार्तिक पूर्णिमा के दिन मौसम में हल्की गुलाबी ठंड का अहसास भी लोगों को हुआ, जिससे वातावरण और अधिक मनमोहक बन गया। इसी दिन शासकीय अवकाश रहने के कारण ग्रामीण अंचल के लोगों ने परिवार व मित्रों के साथ पिकनिक मनाने का भी आनंद लिया। मोतीपुर के समीप स्थित सिद्धखोल पिकनिक स्पॉट पर युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने शांतिपूर्वक दिनभर मौज-मस्ती की। सिद्धखोल के ▶▶ शेष पेज 10 पर

## बॉयलर कैंसिंग के क्वायल की चपेट में आने से दुर्घटना घटी

# अंबुजा अडानी सीमेंट प्लांट में श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम रवान स्थित अंबुजा अडानी सीमेंट प्लांट में मंगलवार रात कार्य के दौरान एक हादसे में मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बॉयलर कैंसिंग के क्वायल की चपेट में आने से यह दुर्घटना हुई। मृतक की पहचान बिपिन कुमार पिता सूर्यपति सिंह निवासी पतपुरा जिला रोहतास बिहार के रूप में हुई है, जो ठेका कंपनी टिकेश के अधीन कार्यरत था।

घटना के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई और मजदूरों में आक्रोश फैल गया। साथी मजदूरों ने घायल बिपिन को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डॉ. अविनाश मार्कण्डेय जिला अस्पताल बलौदाबाजार ने बताया कि श्रमिक को मृत अवस्था में लाया गया था और सिर पर गंभीर चोटें थीं। वहीं डॉ. अशोक वर्मा सिविल सर्जन ने पुष्टि की कि श्रमिक की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। मृतक के साले उपेंद्र कुमार ने बताया कि शिफ्ट खत्म होने से पहले क्लैम्प छूटने से क्वायल गिर गया, जिसके नीचे दबने से बिपिन की मौत हो गई। हम मुआवजा और परिवार को नौकरी की मांग करते हैं। साथ काम करने वाले मजदूर राकेश कुमार पटेल ने बताया कि डेढ़ माह पहले ही बिपिन हमारे साथ काम पर आया था, लेकिन हादसे के दौरान उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी है।






### कंपनी ने जताया दुख, उच्च स्तरीय जांच के निर्देश

घटना पर अंबुजा सीमेंट प्रबंधन ने शोक व्यक्त करते हुए तत्काल उच्च स्तरीय आंतरिक जांच के आदेश जारी किए हैं। कंपनी ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। कंपनी ने बताया कि मृतक के परिवार से संपर्क स्थापित कर लिया गया है और उन्हें हर संभव सहयोग एवं नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

# खेत में मिली ग्रामीण की सड़ी-गली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



सरसीवां थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब धनगांव के एक खेत में सड़ी-गली लाश बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान गोपालपुर के परदेशी साहू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक परदेशी साहू मानसिक रूप से विचलित था और बीते कुछ दिनों से लापता था। परिजनों ने सरसीवां थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और लगातार खोजबीन जारी थी, तभी बुधवार सुबह जब एक किसान अपने खेत में दवाई छिड़काव करने गया, तो तेज बदबू महसूस होने पर खेत में देखना शुरू किया तभी उन्हें पड़ी सड़ी-गली लाश दिखी। किसान ने तुरंत इस बात की जानकारी गांव के सरपंच सुरेश नवल को दी। खबर मिलते ही सरपंच ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और सरसीवां थाने को सूचना दी। सूचना के बाद सरसीवां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस दौरान मृतक के परिजन भी घटना स्थल पहुंचे, जिन्होंने कपड़ों से शव की पहचान परदेशी साहू के रूप में की। परिजनों ने बताया कि परदेशी साहू मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था और मानसिक रूप से विक्षिप्त था। सरसीवां पुलिस ने ▶▶ शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

## मर्चेंट एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह



**रायपुर।** मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि गोलबाजार के वरिष्ठ व्यापारी रामशरण अग्रवाल को विशिष्ट सेवा एवं छग के जाने-माने न्यूरो सर्जन एसएन मढ़रिया को उत्कृष्ट मानव सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जैन जितेंद्र बरलोटा, महेंद्र बागडोदिया, विमल बाफना, अजय देवांगन, बजरंग खण्डेलवाल, समाजसेवी ओमप्रकाश बरलोटा, जवाहर अग्रवाल, मनोज कंदोई, लोकेश तिवारी, अशरफ हुसैन, रजा खान, पार्षद मुरली शर्मा, शैलेष अग्रवाल, महासचिव कलीराम साहू, अनिल शर्मा सहित एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवा प्रकोष्ठ स्थापना दिवस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के युवा प्रकोष्ठ का स्थापना दिवस खम्हारडीह स्थित सतनाम भवन में मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के युवा कार्यक्रम में शामिल हुए। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने बताया स्थापना दिवस पर युवा साथियों के टीम नियुक्ति की गई, साथ में संगठन विस्तार के साथ अनुशासन नियमावली के तहत आगे कार्य करने के लिए निर्णय लिया। इस मौके पर नवनिर्वाचित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। युवा प्रकोष्ठ स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे, कार्यकारी अध्यक्ष जीतू नवरंग, कोर कमेटी सदस्य डिकेंस टंडन, हेमलाल भारती महामंत्री,राजा बंजारे, सी एल जोशी प्रदेश सचिव राकेश बघेल प्रभारी संजय सारंग संरक्षक मोना खांडे उत्तर विधानसभा अध्यक्ष उमेश बर्मन जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र रात्रे सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।


## ट्रेन दुर्घटना, प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग

**रायपुर।** बिलासपुर में पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी की टक्कर हो गई। जहां दुर्घटना में कई यात्रियों की हताहत होने की खबर सामने आई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दुर्घटना से प्रभावित सभी यात्रियों और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शासन से मुआवजा देने की मांग की है।

**निधन**

### बहल राम यादव

**अर्जुनी।** ग्राम टोनाटार निवासी बहल राम यादव 73 वर्ष का 3 नवंबर को निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे झेरिया यादव समाज बलौदाबाजार जिला उपाध्यक्ष नारंतक यादव, कमलेश कुमार यादव के पिता एवं कोमलकांत यादव कांग्रेस नेता, ओमेश कांत, दीपक, यादव (युवा पंच) के दादा थे। अंतिम संस्कार सुग्रीव ध्रुव, सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच पिंकु वर्मा, राहुल घृतलहरे, रूपनारायण, रजक कमलेश फेकर, झेरिया यादव, समाज जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, जिला सचिव संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।



### सुखबाई साहू

**बालौदाबाजार।** सिमगा निवासी सुखबाई साहू का निधन मंगलवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



# भारत की जनगणना 2027 की तैयारी शुरू, महासमुंद के 24 गांवों में होगा पूर्व परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/झलप

भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना

**झलप में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जनगणना निर्देशक कार्तिकेय गोयल, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एसडीएम अक्षा गुप्ता और तहसीलदार जुगल किशोर पटेल रहे उपस्थित**





2027 की तैयारियों के तहत महासमुंद जिले में व्यापक स्तर पर कार्य प्रारंभ हो गया है। इस क्रम में महासमुंद तहसील के 24 ग्रामों में जनगणना पूर्व परीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए नियुक्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप में 5 से 7 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस का शुभारंभ जनगणना निर्देशक कार्तिकेय गोयल के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह, एसडीएम अक्षा गुप्ता एवं तहसीलदार जुगल किशोर पटेल की उपस्थिति रही।मास्टर ट्रेनर अशोक मिश्रा, संतोष मेंढे, वैद्यनाथ ने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना पूर्व परीक्षण की बारीकियों से अवगत कराया और जिम्मेदारियों के निर्वहन में सटीकता एवं पारदर्शिता रखने पर जोर दिया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान कक्षा-कक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। जनगणना निर्देशक कार्तिकेय गोयल ने बताया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि यह देश की सामाजिक-आर्थिक जीवनरेखा का दस्तावेज है। प्रत्येक प्रगणक का कार्य राष्ट्रनिर्माण में प्रत्यक्ष योगदान है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जनगणना डेटा सरकार की विकास नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं का आधार है। अतः सभी प्रशिक्षु इस कार्य को पूरी ईमानदारी और सटीकता से करें। आज के प्रशिक्षण में 39 प्रगणक व 07 पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समन्वय की जिम्मेदारी संकुल समन्वयक सतीश तिवारी को सौंपी गई है।

गौरतलब है कि भारत की पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित करनी पड़ी थी, जिसे अब 2027 में आयोजित किया जाना है। भारत की जनगणना विश्व की सबसे बड़े प्रशासनिक अभियानों में से एक है।

यह देश की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, भाषाई, धार्मिक और प्रवास संबंधी सूचनाओं का सबसे विश्वसनीय स्रोत है। वर्ष 2027 की जनगणना दो चरणों में होगी। इसमें मकान सूचीकरण, मकानों की गणना होगी। झलप में चल रहा यह प्रशिक्षण इन्हीं दोनों चरणों की तैयारी का महत्वपूर्ण अंग है। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पुस्तिका भी वितरित की गई, जिसमें जनगणना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उद्देश्य और डेटा संकलन की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दिया गया है। कक्षा के भीतर प्रशिक्षण का वातावरण पूरी तरह शिक्षणात्मक और गंभीरता भरा रहा।

**पर्व : नगर कीर्तन यात्रा का जगह-जगह स्वागत, पूरा मार्ग झालर लाइटों से जगमगाया**

# झलप में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरु नानक देव की 556वीं जयंती







हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा झलप के तत्वावधान में प्रथम सिख गुरु एवं सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 556वीं जयंती बड़ी श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाई गई।

सुबह 5 बजे गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश फूलों की वर्षा के साथ किया गया। नीत-नेम, सुखमनी साहिब तथा संपूर्ण आशा दी वार के पाठ उपरांत निशान साहिब के चोले बदले गए और सहज पाठ साहिब की समाप्ति की गई। सुबह के दीवान में महिलाओं और बच्चों ने भक्ति भाव से कीर्तन, कविताएं और भजन प्रस्तुत किए, जिनसे पूरा वातावरण "सत नाम वाहे गुरु" के स्वर से गूंज उठा। इसके पश्चात दोपहर में गुरु का लंगर वरताया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने भाग लिया और सेवा, प्रेम तथा समानता की भावना को आत्मसात किया। शाम 5 बजे गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में पांच प्यारे की अगुवाई में विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में अमृतसर, पंजाब से आई विशेष गतका पार्टी ने अपनी युद्धकला का अद्भुत प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं रायपुर से आए शबद कीर्तन जत्थे एवं अरंड की बैंड पार्टी ने निरंतर शब्द-कीर्तन करते हुए पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बनाए रखा।

नगर कीर्तन का पूरा मार्ग झालर लाइटों की चकाचौंध से जगमगाया हुआ था, जबकि गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा झलप का प्रांगण फूलों की सुंदर सजावट से सुसज्जित था। नगर कीर्तन मार्ग में रविदास समाज, मुस्लिम समाज, ग्राम पंचायत झलप के सरपंच, पंचगण और अन्य समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर गुरु महाराज का स्वागत किया। रात्रि में नगर कीर्तन के गुरुद्वारा साहिब पहुंचने के साथ ही अरदास एवं कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। तत्पश्चात गुरु का लंगर सभी ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं को कराया गया। पूरे दिन झलप भक्ति, प्रेम और एकता के संदेश से गूंजता रहा। प्रकाश पर्व की रौनक देखते ही बनती थी। गुरु नानक देव ने सिखाया, नाम जपो, किरत करो और वंड छको। उनका यह उपदेश आज भी मानवता को सत्य, प्रेम और सेवा की राह दिखा रहा है। गुरु नानक देव के संदेशों से प्रेरित होकर संगत ने आपसी भाईचारे, सौहार्द्र और मानवता की भावना को दृढ़ करने का संकल्प लिया। वास्तव में झलप में आज का दिन भक्ति, एकता और गुरु चरणों की महिमा से ओतप्रोत रहा।

## जनगणना ट्रेनिंग मोबाइल एप का उपयोग

**रायपुर।** नगर निगम के डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड में जनगणना पूर्व प्रशिक्षण कार्य में संलग्न अधिकारियों और कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 6 नवंबर तक चलेगा। महात्मा गांधी सदन के सभागार में प्रातः 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में मोबाइल एप का उपयोग किया जाएगा। मंगलवार को प्रशिक्षण में जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा, संयुक्त निर्देशक अशोक मिश्र, उप निदेशक प्रदीप साव, उपायुक्त जसदेव बाबरा, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे। जनगणना निदेशक ने बताया कि जनगणना 2027 का कार्य पूरी तरह डिजिटल होगा। आम जनता के लिए स्व गणना का विकल्प रखा गया है।

## सहकारी समिति कर्मचारी हड़ताल पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के संयुक्त आव्हान पर प्रदेश भर के सहकारी समिति कर्मचारी और कंप्यूटर आपरेटर अपने लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। पदाधिकारी द्वय ने बताया कि 4 सूत्रीय मांगों की अनदेखी से प्रदेश भर के सहकारी समिति कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश भर में धान खरीदी का बहिष्कार करेंगे।

## अमित बघेल के विरुद्ध थाने में एक और शिकायत, एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



क्रांति सेना संगठन के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा विभिन्न समाजों के गुरु, महाराज एवं भगवान पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अभी तक इस टिप्पणी को लेकर अग्रवाल समाज, सिंधी समाज के लोगों ने थाने में शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है, वहीं अब इस मामले में समाज सेवी योगेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को संयुक्त रूप से गंज थाने में जाकर अमित बघेल के विरुद्ध एफआईआर कर गिरफ्तारी की मांग करते हुए लिखित शिकायत की है।

- समाज सेवी योगेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने गंज थाने में की शिकायत

योगेश अग्रवाल ने बताया कि अमित बघेल के अग्रवाल समाज के आराध्य देव अग्रसेन महाराज के विरुद्ध अभद्र व अपमानजनक टिप्पणी करने से सामाजिक कार्यकर्ता क्षुब्ध हैं। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के सदस्य समाज होने के नाते, अपने पूरे समुदाय की गहरी पीड़ा, आक्रोश और आहत धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति करते हुए थाने में शिकायत की है। उन्होंने कहा कि अमित बघेल ने सार्वजनिक रूप से अग्रवाल समाज के पूज्यनीय एवं आराध्य देवता अग्रेसन महाराज के विरुद्ध अत्यंत अशोभनीय, अभद्र एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें चोरहा, लबरा जैसे शब्दों से संबोधित किया।

श्री अग्रेसन महाराज हमारे समुदाय के लिए केवल एक ऐतिहासिक व्यक्ति मात्र नहीं हैं, अपितु एक दैवीय शक्ति, एक कुल देवता और हमारी आस्था के केंद्र हैं। ऐतिहासिक एवं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के वंशज हैं। उनके प्रति इस प्रकार की घटिया एवं अश्लील भाषा का प्रयोग करके धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

**टेट अनिवार्यता को लेकर हैं नाराज**

## दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना देंगे छग के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



टेट की अनिवार्यता समाप्त करने छग के शिक्षक अब दिल्ली का रूख करेंगे। छग के शिक्षक 4 जनवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना देंगे। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के वर्चुअल बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके अलावा पीएफआरडीए में जमा एनपीएस राशि भी कार्मिकों को वापस करने की मांग की जाएगी। धरना-प्रदर्शन के बाद रैली निकालकर केंद्र सरकार एवं एनसीटीई को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सितंबर में पारित निर्णय में 5 वर्ष अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्ते नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किया गया है। इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था। इसी तरह अन्य राज्यों में भी अलग-अलग तिथि में टीईटी की अनिवार्यता की गई है।

- जो शिक्षक टेट क्वालीफाई नहीं, वे पदोन्नति के लिए होंगे अपात्र

**दूसरे राज्यों के शिक्षक भी होंगे शामिल**

ना केवल छग बल्कि देशभर के शिक्षक 4 जनवरी 2026 को जंतर-मंतर दिल्ली में जुटेंगे तथा केंद्र सरकार से मांग रखेंगे कि जिस राज्य में टीईटी की अनिवार्यता जिस तिथि से लागू की गई है, उसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने का अध्यादेश पारित किया जाए। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के नेतृत्व में यह प्रदर्शन होगा। वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र दुबे, प्रदेश संयोजक लैलूंन भारद्धाज, प्रदेश संयोजक विकास राजपूत, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी, विवेक शर्मा शामिल हुए।

## महंगी बिजली, पूंजीपतियों को लाभ देने की साजिश : आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में बिजली बिल की बढ़ी हुई दर के विरोध में आम आदमी पार्टी सड़क पर उतर आई है। मंगलवार को प्रदेश के प्रत्येक जिले में आम आदमी पार्टी ने महंगी बिजली को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। रायपुर में नलघर चौक में धरना-प्रदर्शन किया गया। नारे बाजी करते हुए अपनी मांगे सामने रखकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नजर अंदाज कर रही है।

- बिजली दर बढ़ोतरी के विरोध में आप का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ की जनता बिजली बिलों से त्रस्त हो चुकी है। कई बड़े-बड़े व्यापारियों का, नेताओं का करोड़ों बिजली बिल बकाया है। उनसे वसूली ना कर सरकार गरीब लोगों को परेशान कर रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जाते हैं। विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है।

**पेश कर रहे हैं गलत डाटा**

प्रदर्शन के दौरान पार्टी के कार्यकर्ता तख्तियां लेकर पहुंचे हुए थे। यहां उन्होंने शासन की नीतियों को लेकर सवाल उठाए। प्रदेश महासचिव सूरज उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महंगी करना समझ से परे है। कहा जा रहा है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था इस कारण बिजली दर बढ़ाई गई है। सरकार जानबूझकर गलत डाटा पेश कर रही है सरकार भ्रष्टाचार कर रही है निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदने का और उनको फायदा पहुंचाने की नीति है। सरकार वितरण कंपनी की लागत कम करें। पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारा, उत्पादन हमारा तो रेट ज्यादा क्यों?

सरकार लाइन लॉस 15-20% बताती है जबकि 3% से ज्यादा लाइन लॉस नहीं होता है। प्रदेश संगठन महासचिव उत्तम जायसवाल ने कहा, हम पूर्व में भी प्रदेशव्यापी प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन सरकार ने अब तक मांग नहीं मानी है। मुन्ना बिसेन, दुर्गा झा, परमानन्द जांगड़े नंदन सिंह, मिहिर कुर्मी, अजीम खान सहित अन्य कार्यकर्ता इस विरोध-प्रदर्शन का हिस्सा बने।

**पेज 09 का शेष**

### ढाबे में हो...

करने वाले दोनों आरोपी फरार हो गए थे, जिसकी पुलिस टीम द्वारा सरगर्मी से पता तलाश किया जा रही थी। प्रकरण में पुलिस सहायता केंद्र निपनिया की टीम द्वारा आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकाने पर दबिश देते हुए दोनों आरोपी राजकुमार धृतलहरे एवं अमित कुमार को 4 नवम्बर को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपने ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत

### कार्तिक पूर्णिमा पर...

प्राचीन सिद्ध बाबा मंदिर और झरने ने आगंतुकों का मन मोह लिया। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। संपूर्ण क्षेत्र में कार्तिक मास की भक्ति, श्रद्धा और धर्म-कर्म का वातावरण पूरे दिन बना रहा।

### खेत में मिली...

शव की फोरेंसिक टीम के माध्यम से जांच करायी जाएगी, ताकि कोई अनहोनी घटना तो नहीं है।

## आरक्षक भर्ती परीक्षा 17 से 19 तक दो साल पहले जारी हुआ था विज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के तहत 17 से 19 नवंबर तक नौ जिलों में परीक्षा आयोजित की गई है। खास बात ये है कि इस सीधी भर्ती के लिए अब से दो साल पहले विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद से भर्ती प्रक्रिया अब भी धीरे-धीरे चल रही है। पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई है।

# पानी, सफाई और स्ट्रीट लाइट की समस्या महिलाएं नाराज, पार्षद कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर नगर निगम जोन 6 के शहीद राजीव पांडेय वार्ड में पेयजल की समस्या, सफाई में कोताही और स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर

महिलाओं ने मंगलवार को वार्ड पार्षद कार्यालय का घेराव किया। महिलाओं का कहना है, वार्ड के संजय नगर के आरडीए कॉलोनी, शैलानी नगर, बकरा मार्केट के आसपास के क्षेत्र और छत्तीसगढ़ नगर धरम नगर सुभाष नगर में नाली सफाई नियमित नहीं होने से नालियां जाम हो गई हैं। सफाई न होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वार्ड पार्षद बद्री प्रसाद गुप्ता से शिकायत के बाद भी समस्या की जस है। शहीद राजीव पांडे वार्ड में पावर पंप बंद होने से छत्तीसगढ़ नगर धरमनगर में पानी की समस्या रही। जोन 6 के पास मोहल्ले की महिलायें उनके कार्यालय में समस्या बताने मंगलवार को सुबह वार्ड पार्षद कार्यालय पहुंचीं, उस समय उनका कार्यालय बंद रहा। पूछने पर पता चला कि पार्षद चुनाव प्रचार में बिहार चले गए, जबकि उनकी प्राथमिकता वार्ड की समस्या है। पूर्व पार्षद एवं जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र यादव ने कहा कि वार्ड में इतनी सारी समस्या है और वार्ड के पार्षद का वार्ड में नहीं रहना उनकी उदासीनता को दिखाता है।

## खबर संक्षेप



### बरेकेलखुर्द में ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता 8 से

**महासमुंद।** पटेवा क्षेत्र के ग्राम बरेकेल खुर्द में साहड़ा देव युवा समिति द्वारा 8 नवंबर शनिवार से ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह खेल प्रतियोगिता मैट में प्रो कबड्डी के नियमों के अनुसार खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में कई आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया है। आयोजक समिति के अध्यक्ष आत्माराम ध्रुव, उपाध्यक्ष संतोष नेताम, सचिव वीरेंद्र ध्रुव, कोषाध्यक्ष भूषण ध्रुव, सहसचिव शिवा ध्रुव, कप्तान चेतन ध्रुप, उपकप्तान कोमल, भक्त प्रहलाद ध्रुव, प्रकाश पटेल समेत ग्रामीण आयोजन की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### एकता रैली का आयोजन आज

**महासमुंद।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च (एकता रैली) का आयोजन बेलसोंडा से लोहिया चौक तक आयोजित है। 1 बजे शहीद स्मारक में माल्यार्पण, स्वागत सम्मान, 2 बजे साई मंदिर में, 3 बजे ग्राम पंचायत खरोरा में सरपंच पंच द्वारा स्वागत सम्मान किया जाएगा। सभी नागरिकों उक्त स्थान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। यह जानकारी संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने दी है।

### अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध एफआईआर

**महासमुंद।** बस्तर के लोहांडीगुड़ा से अपने गांव रायगढ़ जा रहे शिक्षक व एक अन्य की मौत के मामले में सरायपाली थाने में सफेद रंग की अज्ञात कार के चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। मामले की रिपोर्ट अर्जुन सिंह नागवंशी पिता रातुराम नागवंशी निवासी बहामा थाना लैलुंगा ने दर्ज कराई है। बता दें कि 4 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे बाइक से अपने पैतृक गांव घटगांव जा रहे जयराम नागवंशी पिता चमरसाय नागवांशी (32) निवासी ग्राम घटगांव लैलुंगा जिला रायगढ़, ओमप्रकाश नागवंशी पिता कुंवरसाय नागवंशी (16) निवासी ग्राम कठईबहला थाना बागबहार जिला जशपुर की अज्ञात वाहन से टक्कर के बाद मौत हो गई।

### पूर्व विधायक ने गुरुद्वारा में टेका मत्था

**महासमुंद।** गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व (गुरु नानक जयंती) पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने महासमुंद स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर श्रद्धापूर्वक मत्था टेका। डॉ. चोपड़ा ने गुरु नानक के उपदेशों पर चलते हुए समाज में सद्भाव और सेवा का संदेश दिया।

### स्नान कर दीपदान करते हुए आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित किए

# बालसमुंद में कार्तिक पूर्णिमा पर लगा पुन्नी मेला, हजारों लोग मेला पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पलारी विकासखंड स्थित बालसमुंद तालाब के तट में बुधवार को पुन्नी मेले का आयोजन हुआ। सुबह से ही सिद्धेश्वर मंदिर बालसमुंद तालाब में कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंचे। महिलाएं, पुरुष और बच्चे पवित्र जल में स्नान कर दीपदान करते हुए आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित किए।

रात दो बजे से ही दूर-दूर से श्रद्धालु बालसमुंद तट पर पहुंचना शुरू कर चुका था। मान्यता है कि इस पुण्य स्नान और दीपदान से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर प्रांगण में सिद्ध बाबा की प्राचीन मूर्तियां स्थापित हैं, जहां श्रद्धालु मन्नतें मांगते हैं, वहीं हजारों सतनाम धर्मावलंबी तालाब के किनारे स्थित ऐतिहासिक जैतखंभ में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

यह मेला न केवल धार्मिक बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। 150 एकड़ में फैले विशाल बालसमुंद तालाब के तट पर हर वर्ष यह आयोजन होता है। यहां स्थित लाल ईंटों से निर्मित शिव मंदिर लगभग 900 ईसा पूर्व का बताया जाता है। मंदिर में शिव विवाह की कलात्मक मूर्तियां और देवी-देवताओं की प्राचीन प्रतिमाएं आज भी उस युग की उत्कृष्ट शिल्पकला








को जीवंत करती हैं। बालसमुंद का पुन्नी मेला आज भी आस्था, परंपरा और इतिहास का अद्भुत संगम बना हुआ है, जहां हर दीप के साथ जलती है श्रद्धा की रोशनी और पूर्ण होती है जन-जन की मनोकामना। मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस विभाग ने सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की है। रात से ही जवानों की ड्यूटी तैनात कर दी गई है, जो पूरे दिन तक जारी रहेगी ताकि श्रद्धालु शांति और सुरक्षा के वातावरण में मेले का आनंद ले सकें। दिन भर की अगर बात करे तो कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हजारों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई एवं देर रात तक लगभग पचास हजार लोग मेला देखने पहुंचे। पुलिस विभाग की इस बार काफी अलर्ट रही मेला स्तर पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था काफी चाक चौबंद रही।

इस बार खास बात यह रही की मेला में सैकड़ों की संख्या में लोहे के कड़े युवकों के हाथों से उतरवाए गए एवं उन्हें जब्त किया गया। थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि लोहे के कड़ों की वजह से कई बार मारपीट जैसी घटनाएं होने के बाद इन कड़ों की वजह से गंभीर चोट आने की संभावना रहती है, इसलिए मेले परिसर में विशेष निगरानी कर लोहे के कड़े हाथों से उतरवाए गए।

**विधायक संदीप भी पहूंचे मेला**

शाम को विधायक संदीप साहू भी मेला पहुंचे, यहां पहुंचकर उन्होंने सिद्धेश्वर मंदिर जाकर आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही यादव समाज के मड़ई कार्यक्रम में भी शामिल हुए। साथ ही साथ तालाब परिसर में ही स्थित संत गुरु घासीदास मंदिर में भी माथा टेका और कसडोल विधानसभा क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की।

## वनमण्डलाधिकारी ने किया एएनआर कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बुधवार को कक्ष क्रमांक 132 में चल रहे एएनआर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थल पर कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा की तथा फील्ड स्टाफ को वन संरक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत वनमण्डलाधिकारी के नेतृत्व में एंटी स्नेयर वॉक किया गया जिसके अंतर्गत जंगल क्षेत्र में संभावित अवैध फंदों की खोज, नष्ट करने और वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गश्त की गई। इस दौरान वनमण्डलाधिकारी ने उपस्थित वन अमले को निर्देशित किया कि वन्यजीवों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः प्रत्येक गश्त के दौरान क्षेत्र का सावधानीपूर्वक निरीक्षण कर किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे गश्त अभियान न केवल अवैध शिकार की रोकथाम में सहायक हैं, बल्कि इससे वनकर्मियों की सतर्कता एवं फील्ड मॉनिटरिंग की दक्षता भी बढ़ती है। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी बल्दाकछार गीतेश कुमार बंजारे सहित बल्दाकछार परिक्षेत्र के सभी अधिकारी, वनरक्षक एवं सुरक्षा श्रमिक उपस्थित थे।

## संकरी गली में कीचड़ से राहगीर होते हैं परेशान



**महासमुंद।** चांडक पेट्रोल पंप गली से रेलवे पटरी की ओर जाने वाली गली में सफाई व्यवस्था से राहगीर परेशान है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि उनके घर के पास वर्षों से नाली की सफाई पालिका ने नहीं की है, जिसके कारण नाली में कचरा भरा हुआ है। और सफाई करने पर 15 फीट की दूरी में ही लगभग एक ट्रैक्टर मलमा निकलेगा। पालिका को लगातार शिकायत करने के बावजूद कोई रिजल्ट नहीं निकला। नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से ही उन्होंने इस संबंध में मुलाकात की है। वे आने को कहते रहे लेकिन किसी को फुर्सत नहीं मिली। मिश्रा ने बताया कि गली में एक मकान का पानी बहता रहता है। जिसके कारण कीचड़ से राहगीर परेशान है। पालिका चाहे तो मकान मालिक से स्वयं शुल्क वसूलकर इसे दुरूस्त कर सकती है और इसमें पालिका को कोई पैसा नहीं लगना है।

## सहकारी बैंकों के कर्मचारी आज सामूहिक अवकाश पर



**संडी बंगला।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ का आंदोलन अब अपने तृतीय चरण में पहुंच गया है। इसी क्रम में 6 नवंबर को रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों कुल 73 शाखाओं के कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेगा। हड़ताल के चलते सभी शाखाओं में ताले लटकेंगे और बैंकिंग कार्य पूर्णतः ठप रहेगा। कर्मचारी संघ ने बताया कि वार्षिक वेतन वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन क्रमबद्ध रूप से जारी है। इस चरण में सभी कर्मचारी नोडल कार्यालय जिला मुख्यालय में सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी और धरना प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी संघ अध्यक्ष मोहनलाल साहू सहित संघ के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों देवेंद्र पांडे, विधान तिवारी, युवराज दुबे, अविनाश शर्मा सहित संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त रूप से मीडिया को जानकारी दी। संघ ने कहा कि आंदोलन के लिए सहकारिता विभाग और पंजीयक कार्यालय जिम्मेदार हैं, क्योंकि उन्होंने कर्मचारियों की जायज मांगों पर अड़ियल रवैया अपनाया हुआ है। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने सरकार से कई बार वेतन वृद्धि की मांग की, परंतु मांग पूरी नहीं होने पर उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कर्मचारियों के पक्ष में एकल पीठ और युगल पीठ दोनों ने निर्णय दिया और स्पष्टीकरण याचिका में भी अदालत ने सरकार से जवाब तलब किया। अदालत के आदेशानुसार कर्मचारियों को पांच वर्षों का एरियर भुगतान किया जाना था, लेकिन अब तक आदेशों का पालन नहीं हुआ है। सेवानिवृत्त कर्मचारी रमेश शर्मा, जहीर अहमद कुरैशी, सुशील सोनी, कुमार वर्मा, अरुण सक्सेना और परमेश्वर वर्मा ने अपने बयान में कहा कि सहकारी बैंक कर्मचारियों की वेतन वृद्धि को रोकना अन्यायपूर्ण और अमानवीय है।

## अल्ट्राटेक ने किया आंगनबाड़ियों का कायाकल्प, बच्चों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट संयंत्र द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आसपास के ग्राम पंचायतों में शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय पहल की गई है। इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के दिशा-निर्देश एवं एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में कुल 6 आंगनबाड़ियों का जीर्णोद्धार कर उन्हें मॉडल आंगनबाड़ी का स्वरूप दिया गया, वहीं 9 आंगनबाड़ियों को आवश्यक सहायक सामग्री वितरित की गई।

- शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गई सराहनीय पहल

यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित किया गया। इस अवधि में ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, पालकगण, सामाजिक प्रतिनिधि एवं अल्ट्राटेक के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ईआर विभाग प्रमुख अंतर्यामी समल, माईस विभाग प्रमुख सुनील शर्मा, संतोष मिश्रा, मेघा पटनायक, एचआर विभाग से अंवेशा पाणिग्रही, ओएचसी से डॉ. आनंदिता बरूई, तथा विधि एवं भूमि विभाग से कार्तिकेश बघमार की उपस्थिति रही। 31 अक्टूबर को कुकुरदी में तीन मॉडल आंगनबाड़ियों का उद्घाटन सरपंच टिकेश्वर ध्रुव और उपसरपंच डोमार साहू के द्वारा किया गया। सरपंच ध्रुव ने कहा कि अल्ट्राटेक सदैव सामाजिक विकास के लिए अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और यह कार्य बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। 3 नवंबर को ग्राम पिपराही एवं सरकीपार में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सरपंच महेश्वरी राकेश वर्मा ने अल्ट्राटेक की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य और मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। 4 नवंबर को करमनडीह में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि दिलीप खुटे ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में की गई चित्रकारी और पेंटिंग से बच्चों



की रुचि बढ़ी है। अंतिम दिवस 5 नवंबर को ढनढनी ग्राम में सरपंच बृहस्पति रजित ध्रुव और उपसरपंच भूपेंद्र साहू की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन एवं सहायक सामग्री वितरण संपन्न हुआ। सरपंच ध्रुव ने अल्ट्राटेक को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहल बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को गति देने में सहायक सिद्ध होगी। इस कार्यक्रम की सफलता में सीएसआर प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा, दया वर्मा एवं अल्ट्राटेक संयंत्र प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बीएड के छात्राध्यापकों ने शाला में बिताए अनुभव को किया साझा

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में गत 4 महीनों से जय हिंद कालेज के प्रशिक्षु बीएड के छात्र अध्यापकों द्वारा अपने शाला प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में शाला में बिताए समय का अनुभव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंच संचालन बीएड के छात्र अध्यापक संजय प्रधान ने किया। और जीवन में कुछ अच्छा कर दिखाने और अपने लक्ष्य के बारे में बताया गया। छात्र अध्यापक किरण दीवान, चंद्रिका प्रधान, प्रियंका ध्रुव, संगीता बंछोर, पंकज दीवान, पीयूष पुष्पाकर, सुमीत दास ने भी अपने अनुभव साझा किए।

**नाम संशोधन**

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)

//शपथ पत्र (नाम संशोधन विषयक)//

मैं चंद्रकांत सोनवानी उम्र 38 वर्ष पिता स्व. श्री महेशराम सोनवानी जाति सतनामी ग्राम भिनोदा पो.आ. गोपालपुर तह. सरसीवां जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) का निवासी हूं। जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं -

(1) यह कि मै उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं।

(2) यह कि मेरा नाम हिन्दी में चंद्रकांत सोनवानी अंग्रेजी रूपांतरण CHANDRAKANT SONWANI है जो कि सही है। जन्म प्रमाण पत्र एवं मतदाता परिचय पत्र में सही नाम दर्ज है।

(3) यह कि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य सभी शैक्षणिक एवं सरकारी दस्तावेजों में अंग्रेजी नाम CHANDRAKANT SONWANI के स्थान पर त्रुटिपूर्ण CHANDRA KANT SONWANI हो गया है। याने कि CHANDRA और KANT के मध्य अंतराल (SPACE) हो गया है जो सही नहीं है। सुधार करने की आवश्यकता है ।

(4) यही कि सभी सरकारी अभिलेखो एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा सही नाम हिन्दी में चंद्रकांत सोनवानी, अंग्रेजी रूपांतरण CHANDRAKANT SONWANI लिखा एवं पढ़ा जावें अतः नाम सुधार हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। सनद रहे वक्त पर काम आवे।

शपथकर्ता- चंद्रकांत सोनवानी

//सत्यापन//

मैं चंद्रकांत सोनवानी उम्र 38 वर्ष पिता स्व. श्री महेशराम सोनवानी जाति सतनामी ग्राम भिनोदा पो.आ. गोपालपुर तह. सरसीवां जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) का निवासी हूं मेरे द्वारा कंडिका 01 से 05 तक में दी गयी जानकारी सत्य एवं सही है आज दिनांक 16/09/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना सही हस्ताक्षर किया।

सत्यापनकर्ता
चंद्रकांत सोनवानी

### कर्मा जागृति महिला मंच का दिवाली मिलन व आंवला नवमीं पूजन



**महासमुंद।** कर्मा जागृति महिला मंच की दीपावली मिलन एवं आंवला पूजा का कार्यक्रम संजय कानन में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम आंवला वृक्ष की पूजा आरती की गई। मंच की अध्यक्ष सती साहू ने सभी महिलाओं को पूर्णिमा एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी। अंत में सभी महिलाओं ने वन भोज किया। चंद्रिका साहू, सरोजनी साहू, निर्मला साहू, कल्याणी साहू, फूलबासन साहू, अनीता साहू, बिमला साहू, पुष्पा साहू, मीता साहू, पद्मिनी साहू, सुषमा साहू, तुकेश्वरी साहू एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# बाल विवाह मुक्त के लिए दिलाई गई शपथ

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत छात्रा आरती भोई का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ पर कार्यशाला का आयोजन परियोजना के सेक्टर रूढ़ा में किया गया। मेधावी छात्रा सम्मान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल पैकिन में पढ़कर 10वी टॉप 10में 6वां रैंक 98.3 प्रतिशत लाने वाली बिटिया आरती भोई का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उषा लाल कुमार पटेल सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। बाल विवाह का दुष्प्रभाव स्वयं के जीवन के साथ-साथ समाज को भी दूषित करता है। सेक्टर पर्यवेक्षक दीक्षा बारिक ने अवगत कराया कि वर्तमान में राज्य में बाल विवाह की दर 12 प्रतिशत है। इस आंकड़े को कम करने के लिए हम सबको प्रयास करना है। प्रशासन के समस्त विभाग जैसे स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं जन सामान्य को भी समन्वय बनाकर बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास करना है।

बाल विवाह अर्थात कम उम्र में शादी समाज की प्रगति में बाधा डालती है। बाल विवाह प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से देश की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करती है। उन्होंने बाल विवाह के



दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए विशेषरूप से महिलाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बालिकाएं जल्द विवाह न करे। सबसे पहले सक्षम बनना आवश्यक है। बेटियां पहले सक्षम बने फिर विवाह करे। अभिभावक बेटियों, बहनों एवं महिलाओं को पढ़ाएं, उन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे और समाज की प्रगति में सहयोग करें। शासन प्रशासन बाल विवाह रोकथाम के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके तहत चरणबद्ध रूप से सेक्टर स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए शासन प्रशासन समाज की सहभागिता से अभियान चला कर कार्य कर रही है। हम लोगों को बाल विवाह एवं उससे होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करना है। समाज के प्रमुख अपने अपने सामाजिक संगठनों में चर्चा कर जागरूकता लाने का कार्य करे। स्थानीय निकाय विशेष कर ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने का प्रयास करें। कार्यशाला में बाल विवाह से संबंधित अनेक पहलुओं पर चर्चा की गई। सभी को बाल विवाह मुक्त के लिए शपथ दिलाया गया।

### श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में कृष्ण जन्म की सुनाई कथा

**महासमुंद।** शहर में साहू परिवार द्वारा स्व. बिंदा साहू व स्व.हरीश साहू की बारसी पर श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आमासिवनी से पधारे कथाव्यास अशोक महाराज द्वारा कथा के चौथे दिन मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। कार्यक्रम के यजमान सतीश साहू गीता साहू सपरिवार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू मौजूद रहे। कथा का पूजन अशोक कृष्णा महाराज द्वारा मंत्रोच्चारण से करवाया गया। कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में कृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध कर पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में मंगलवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री, तिल लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 नवम्बर 2025
SHOW TIME
बाहुबली द ईपिक
शो समय - 3:00, 6:00 PM
थामा
शो समय - 12:00, 9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## प्रकाश पर्व : नगर में गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मना

# समानता, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं गुरुनानक देव के उपदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





सुबह सहज पाठ की समाप्ति उपरांत पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थे भाई सुमीत सिंह एवं भाई संदीप सिंह उना वाले ने अपने सुरम्य कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। इस दौरान उन्होंने गुरु नानक देव को समाज कल्याण और मानवता की दिशा दिखाने वाले गुरु के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि गुरुनानक देव के उपदेश आज भी समाज को समानता, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उपस्थित संगत ने अमरजीत सिंह भाटिया को पुनः सिरोपा भेंट कर गुरुद्वारा नानक दरबार का प्रधान नियुक्त किया गया। इस अवसर पर युवा सिख संगठन के सदस्य करन भाटिया ने कहा कि गुरुद्वारा प्रधान का पद केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संगत की सेवा का सर्वोच्च अवसर है। गुरु घर की सेवा का सौभाग्य प्राप्त होना गर्व की बात है। उन्होंने प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाएं सत्य, करुणा और सबका भला आज के समय में समाज को एक नई दिशा देने का कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम के पश्चात लंगर सेवा की गई तथा मिष्ठान वितरण हुआ। रात के दीवान उपरांत आतिशबाजी के बीच गुरु घर में खुशियां और श्रद्धा का माहौल रहा।

## गुरु नानक देव दरबार में शिवरतन ने मत्था टेका



**सिमगा।** गुरु नानकदेव की जयंती प्रकाश पर्व पर सिमगा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने गुरू नानक देव दरबार में मत्था टेक वंदन किया तथा सिख समुदाय के लोगों को प्रकाश पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया सहित सिख समुदाय के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जयंती पर नगर में निकाली गई नगर कीर्तन शोभायात्रा

**खरोरा।** सिख पंथ के प्रथम गुरु, गुरुनानक देव का 556वां प्रकाश पर्व इस वर्ष भी नगर में उल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार को उनके उपदेशों को समर्पित नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया। नगर कीर्तन में पंज प्यारो की अगुवाई में सजाई गई पालकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। जहां-जहां पंज प्यारो का जत्था गुजरा, श्रद्धालुओं ने अपने मार्गदर्शन में रास्ता साफ किया। नगर कीर्तन में सिख समुदाय के साथ-साथ अन्य धर्मों के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। गुरुजी की शिक्षाओं और संदेशों से प्रेरित श्रद्धालुओं का उत्साह देखने योग्य था। नगर कीर्तन खरोरा में स्थित गुरुद्वारा से प्रारंभ हुआ जो पुराना थाना, पुराना तिगड्डा चौक, होते हुए वापस गुरुद्वारा में समाप्त हुआ। हर साल की तरह इस बार भी नगर कीर्तन यात्रा गतका पार्टी के साथ निकली। पंजाब से आए गतका दल ने हैरान करने वाले करतब दिखाएं। इसमें तलवारबाजी के साथ-साथ अन्य करतब दिखाए गए। इस वर्ष भी नगर के जिसमे विभिन्न समाज के बंधुओं, द्वारा, समाज के परिवारों, पंज प्यारो और गुरु ग्रंथ साहेब महाराज का स्वागत कर चाय नास्ते की सेवा की, यहां यात्रा में शामिल लोगों के लिए विशेष तौर पर इस मौके पर आतिशबाजी का विशेष कार्यक्रम रखा गया था, जिसने प्रकाशोत्सव की खुशियों में चार चांद लगा दिए। शोभायात्रा वापस गुरुद्वारा पहुंची। जहां पूरे समाज के साथ गुरु ग्रंथ साहेब को उनके निज स्थान मे पंज प्यारो के साथ ले जाया गया जहां, समाप्ति पश्चात प्रबंधक कमेटी द्वारा पंज प्यारो का सम्मान किया गया। समाप्ति गुरु के लंगर की सेवा से की गई। पर्व के लिए गुरुद्वारे को भी विशेष तौर पर सजाया गया था। दीप मालिकाओं से इसकी आकर्षक सजावट की गई थी। वहीं गुरू ग्रंथ साहेब की आसंदी को भी विशेष तौर पर सजाया गया था। यहां गुरु कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया था। इस मौके नगर के बढ़ी संख्या में सिख समुदाय सहित नगर गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### वंदे मातरम की वर्षगांठ पर कल होंगे विविध कार्यक्रम

**बलौदाबाजार।** वंदे मातरम्‌ के 150वीं वर्षगांठ पर आधारित राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 नवंबर को प्रातः 10 बजे करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश, जिला एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन होगा। चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण 7 से 14 नवंबर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त एवं चतुर्थ चरण 1 से 7 नवंबर तक चलेगा। अवधि में समस्त शासकीय कार्यालय, समस्त शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य संस्थानों पर वन्दे मातरम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

### रसायन शास्त्र की विद्यार्थियों का इंटर्नशिप प्रोग्राम



**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन एवं शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय साहू एवं पीतांबर बाघ के नेतृत्व में एमएससी तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप प्रोग्राम जेपी इंडस्ट्रीज (सूर्या वाटर फैक्ट्री) पदमपुर रोड कुटेला में आयोजित है।

### गणित किट पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण से लौटे अक्षय

**अरंड (पिथौरा)।** समीपस्थ ग्राम ठाकुरदिया खुर्द हायर सेकण्डरी के प्रभारी प्राचार्य व गणित के व्यख्याता अक्षय साहू ने विगत दिनों क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान भोपाल में पश्चिमी राज्यो के स्रोत शिक्षकों द्वारा निर्मित गणित किट पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें छग, गुजरात व गोवा के कुल 46 शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें महासमुंद जिले से अक्षय साहू शामिल हुए। इसके लिए सुधीर प्रधान, कौतुक पटेल, हरिहर नाग, अंतर्यामी प्रधान, संजय प्रधान, राम नारायण, दुष्यंत चौधरी व ठाकुरदियाखुर्द के सरपंच मनोज सिन्हा ने हर्ष जताया है।

## उर्स रैली में युवाओं ने हाथ में पहना लोहे का चूड़ा और कड़ा, जांच में पुलिस ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



नगर में बुधवार की शाम उर्स रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान उर्स रैली नगर के प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए नगर का भ्रमण का कार्यक्रम था, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी।

इस भीड़ में युवा वर्ग भी काफी संख्या में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान समुचित शांति व्यवस्था हेतु सिमगा पुलिस द्वारा पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध किया गया था। इस दौरान पुलिस बल द्वारा उर्स रैली कार्यक्रम में शामिल तथा रैली के आसपास उपस्थित विशेषकर युवा वर्ग का चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें युवाओं द्वारा अपने हाथों में लोहे का चूड़ा एवं कड़ा पहना पाया गया। किसी भी वाद विवाद तथा लड़ाई झगड़े की स्थिति में उक्त चूड़े का उपयोग एक घातक हथियार के रूप में किया जा सकता था, जिसे दृष्टिगत रखते हुए पुलिस बल द्वारा लगातार चेकिंग करते हुए युवाओं के हाथों में पहने लोहे के चूड़ा एवं कड़ा को निकलवाना प्रारंभ किया और देखते ही देखते पुलिस टीम द्वारा चेकिंग कार्यवाही कर 102 धारदार लोहे का कड़ा एवं चूड़ा जब्त किया। जब्त लोहे के चूड़े में धार लगी थी, जो एक अत्यंत धारदार घातक हथियार के रूप में प्रतीत हो रहा था।

## प्योर ब्लॉक का शिवरतन ने किया भूमिपूजन



**सिमगा।** सिमगा से तिल्दा मेन रोड में सड़क किनारे वार्ड 8 से वार्ड 9 तक 24 लाख 83 हजार की लागत से लगने वाले प्योर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने किया। उक्त अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव, अनिल पांडेय, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, छोटू यादव, पार्षद मनीषा, माया सलूजा, सचिन जैन प्रियंका, अनूप तिवारी, गोलू अवस्थी, टेबू देवांगन, रूझून सोनकर, विष्णु जायसवाल, मुकुंद रजक, विकास सोनकर, परस पाटकर, राहुल, योगेश साहू, राजू कोसले, मनोहर पंजवानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राम जाने मानस मंडली को मिला नवधा रामायण का प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम पंचायत मोतीपुर में 26 अक्टूबर से प्रारंभ अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता का समापन 5 नवंबर को हुआ। इस दौरान गांव में रामनाम गूंजता रहा। प्रतियोगिता में राम जाने मानस मंडली, मोहतरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं द्वितीय पुरस्कार गीता मानस मंडली, तेंदूभांठा तथा तृतीय पुरस्कार हरिओम मानस मंडली, सुढेला को मिला।

इसी क्रम में चतुर्थ पुरस्कार जय बजरंग मानस मंडली खर्वे को, पंचम पुरस्कार मां मानस परिवार मूढ़ीपार खैरा को, षष्ठम पुरस्कार वासु मानस परिवार बरदा लवन को, सप्तम पुरस्कार अजय कल्याणी मानस परिवार बैहर आरंग को, अष्टम पुरस्कार जय मां शारदा मानस मंडली साबर को तथा नवम पुरस्कार ममता मानस मंडली दतान खैरा लवन को प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम पुरस्कार 15,001 एवं रामायण गुटका प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव जिला पंचायत सदस्य द्वारा प्रदान किया गया। द्वितीय 10,001 अंजोर सिंह यादव, तृतीय पुरस्कार 7,001 गंगाबाई वर्मा, चतुर्थ पुरस्कार 5,001 समिति द्वारा, पंचम पुरस्कार 4,000 जय गंगा मइया महिला स्व-सहायता समूह द्वारा, षष्ठम पुरस्कार 3,001 रामफल कैवर्त्य, सप्तम पुरस्कार 2,001 मोंगरा सत्यनारायण पटेल जनपद सदस्य, अष्टम पुरस्कार 1,501 मुकेश दाल सेंटर पिसीद एवं बजरंग ऑटो पार्ट्स राज प्रोजेक्टर द्वारा तथा नवम पुरस्कार 1,001 देव मणि साहू द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में आचार्य मिथिलेश प्रसाद तिवारी छांछी, कसडोल ने कथा प्रवचन दिए। आयोजन समिति के अध्यक्ष दयाराम वर्मा, उपाध्यक्ष पुसाऊ राम कैवर्त्य, कोषाध्यक्ष रामकुमार कैवर्त्य, सचिव कुंवरजीत कैवर्त्य सहित समस्त ग्रामवासी आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## भारत माता सेवा ट्रस्ट ने सफाई कर्मियों का किया सम्मान



**बलौदाबाजार।** गुरूनानक देव जयंती पर स्वीपर कालोनी बलौदाबाजार में लेखराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य व ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर की अध्यक्षता तथा घसिया उत्कल समाज के उपाध्यक्ष रामकुमार सार्थी के विशिष्ट आतिथ्य में भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा सफाई कर्मियों का कंबल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रामकुमार सार्थी ने ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर को अपने समाज के लोगों को सम्मानित करने के लिए साधुवाद दिया और कहा कि छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहली बार हमारे लोगों को किसी समाजसेवी संस्था की ओर से सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता में धुरंधर ने गुरुनानक जयंती की शुभकामना देते हुए देवांश को स्मृति चिन्ह तथा समाज की बेटी युक्तामुखी सोना को शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने के लिए ट्रस्ट की ओर से प्रमाण पत्र व समाज को भारत माता का छायाचित्र भेंट किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से सुरेश कुमार, राजू मरैय्या, चंदा बाई, जेठिया, नीतू, गुड्डी, शैलेन्द्री, सुशीला,रामबाई, मिथिला बाई, गुड़िया, लक्ष्मी, गायत्री, उर्मिला, उदल सेंद्रे का कंबल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर टिकेश वर्मा, टिकेश्वर कन्नौजे, दिलेश्वर वर्मा, भगवंतीन वर्मा, व्ही सी वर्मा, अनीता वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विनय गुप्ता व आभार प्रदर्शन नीरज परगनिहा द्वारा किया गया।

## छात्रों ने मनाया राज्य स्थापना दिवस



**खरोरा।** रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कक्षा पहली की डॉली वर्मा ने राज्य गीत का गायन किया। इसके बाद कर्मा नृत्य का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मिथलेश देवांगन, भूमिका गिलहरे, प्रियंका गिलहरे, ईशा पाल, हर्षिता कुर्रे, आद्या सोनी और शांभवी साहू ने उम्दा प्रस्तुति दी। प्राचार्य राघवेंद्र गोस्वामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, यह राज्य धन-धान्य और खनिज संपदा में समृद्ध है। उन्होंने कहा कि यहां के निवासी सरल, शांतिप्रिय और कर्मठ हैं। प्राचीन काल में इसे महाकौशल के नाम से जाना जाता था और वादों के अनुसार भगवान श्रीराम की माता कौशल्या यहां की राजकुमारी थीं। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत राज्य गीत और कर्मा नृत्य की प्रशंसा की।

## श्रद्धालुओं ने मुनिचुआ गुप्तगंगा में लगाई आस्था की डुबकी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

कार्तिक पूर्णिमा पर धनसीर और सलिहा के बीच स्थित पवित्र स्थल मुनिचुआ गुप्तगंगा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। घने जंगलों के बीच बसे इस अद्भुत तीर्थस्थल का धार्मिक और रहस्यमय महत्व वर्षों से बना है। कहा जाता है कि इस गुप्तगंगा की गहराई आज तक कोई नहीं नाप सका है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार इसका सीधा संबंध नरसिंहनाथ से है, वहां चढ़ाए गए फूल जल के रास्ते मुनिचुआ तक पहुंचते हैं। इसी कारण इसे "गुप्तगंगा" कहा जाता है।

जनश्रुति है कि प्राचीन काल में कोई मुनि यहां तपस्या करते थे। वे इसी कुंए के जल से स्नान और सेवन करते थे, जिससे इसका नाम पड़ा मुनिचुआ। कार्तिक पूर्णिमा पर यहां हर वर्ष विशाल मेला लगता है। इस अवसर पर श्रद्धालु गुप्तगंगा में स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं, मंदिरों में दर्शन कर मनोकामनाएं मांगते हैं और आसपास लगे झूले एवं प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाते हैं।

